तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 14 मार्च 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 बंदियों को मिल रही सुविधाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा





## खबर संक्षेप

### बीपी बढ़ने से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर अंतर्गत गणेश मोड ग्राम राधाकृष्ण नगर निवासी प्रेणेश मिस्त्री आ. हसपति मिस्त्री (33 वर्ष) 9 मार्च को पत्नी के साथ शादी में शामिल होने ससुराल गया था। 12 मार्च को वापस घर आकर सो गया। इसी बीच युवक का बीपी बढ़ जाने से युवक की हालत गंभीर हो गई। परिजन युवक को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।

### पेड़ से टकराई बाइक ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** चांदनी थाना अंतर्गत ग्राम सेमरा निवासी रामबरन 10 मार्च को शादी के लिए रिश्ता तलाशने रिश्तेदार परषोतम सिंह के साथ ग्राम घुईडीह से ग्राम कछिया बाइक से गए थे। दूसरे दिन दोनों वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम खैरा के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को बिहारपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत रामबरन सिंह को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल को उपचार जारी है।



**रमज़ान मुबारक**

**चौबीसवां रोज़ा**

आज का इफ्तार - 6.10 बजे

कल की सेहरी - 4.42 बजे

### ग्राम करंजवार में खेत के किनारे पड़ा था नर हाथी का शव

# फसल की सुरक्षा के लिए लगाए गए करंट की बाड़ की चपेट में आने से दंतैल की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/प्रतापपुर

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम करंजवार में बस्ती से 200 मीटर दूर गेंहू के खेत में वयस्क दंतैल का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी सूंढ़ में झुलसने का निशान देख करंट से दंतैल की मौत होने की संभावना व्यक्त कर रहे थे। पीएम में भी चिकित्सकों ने दंतैल की मौत करंट से होने की पुष्टि की है।

**खास बात**

- ग्रामीणों की सूचना पर वन अधिकारियों को मिली जानकारी

हाथियों की उपस्थिति के मामले में बेहद संवेदनशील माने जाने वाले वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में मानव-हाथी द्वंद रूकने का नाम नहीं ले रहा है। वनों का घनत्व कम होने के साथ ही मानवीय हस्तक्षेप बढ़ने के कारण हाथी आबादी क्षेत्र के निकट पहुंचकर फसल एवं घरों को क्षति पहुंचा रहे हैं वहीं ग्रामीण अपनी फसल की सुरक्षा के लिए करंट की बाड़ लगा रहे हैं जिसकी चपेट में आने से हाथियों की मौत हो रही है। बताया जा रहा है कि मृत दंतैल पिछले 10 दिनों से क्षेत्र के विभिन्न जंगलों में भ्रमण कर रहा था तथा गुरूवार की रात ही दरहोरा सिंगरा के रास्ते करंजवार जंगल पहुंचा था। अनुमान लगाया जा रहा है कि रात्रि 2-3 बजे के मध्य दंतैल अपनी भूख मिटाने के लिए करंजवार बस्ती के निकट गेंहू के खेत में घुसने के दौरान करंट की चपेट में आया होगा जिससे उसकी मौत हो गई होगी। सुबह ग्रामीण खेतों की ओर निकले तो दंतैल का शव देखकर तत्काल वनकर्मियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन अमला घटनास्थल पर पहुंचा तथा ग्रामीणों से पूछताछ कर मामले की जानकारी दी।

**चार सदस्यीय टीम ने किया पीएम**

वाइल्ड लाइफ सीसीएफ वेंकट चलम, एलिफेंट रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर श्रीनिवास तन्नेटी, डीएफओ दुलेश्वर साहू की उपस्थिति में डॉ.अजीत कुमार पाण्डेय, डॉ.गोविन्दा साहू, डॉ.विजय पैकरा एवं डॉ.जायसवाल की चार सदस्यीय टीम ने मृत दंतैल का पीएम किया। चिकित्सकों ने दंतैल की उम्र 19 से 22 वर्ष के मध्य होने का अनुमान लगाया है दंतैल पूरी तरह वयस्क था। वह किस दल से अलग हुआ था अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। वनकर्मी दंतैल के तमोर पिंगला अभ्यारण्य से आने की बात कह रहे हैं। पीएम में दंतैल के सुंड का अगला हिस्सा करंट से झुलसा मिला है। पीएम में उसके ह्रदय का खून काला पड़ गया था खून के थक्के जमे थे। लिवर, किडनी सहित अन्य अंगों का खून भी जम गया था तथा अंगों पर लाल रंग के धब्बे पड़ गए थे। चमड़ी के नीचे भी लाल रंग के धब्बे थे। चिकित्सक हाई वोल्टेज करंट से इस तरह के लक्षण पैदा होने की बात कह रहे हैं।



शव कानिरीक्षण करते वन अधिकारी एवं चिकित्सक।

**आरोपी को किया है गिरफ्तार**

मामले में आरोपी किसान को गिरफ्तार करने के साथ ही दंतैल को मारने के लिए उपयोग किए गए जीआई व कवर्ड तार को बरामद किया गया है। आरोपी के पूछताछ में विलंब होने के कारण शनिवार को उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

-मान सिंह
सहायक वन परिक्षेत्राधिकारी, प्रतापपुर

### मैदानी अमले के भरोसे देखरेख

विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की रूचि वन एवं वन्य जीवों से खत्म हो गई है तथा पूरी प्रक्रिया मैदानी अमले तक सिमटकर रह गई है। हाथियों को लेकर विभाग के पास भी वनक्षेत्र में जलस्त्रोत तैयार करने के अतिरिक्त कोई दूसरी कार्ययोजना नहीं है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विभागीय सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से सारे कार्यों को निपटा रहे हैं तथा गंभीर स्थिति उत्पन्न होने पर ही घटनास्थल पर उपस्थित हो रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति में मैदानी कर्मचारी भी जंगल से दूरी बनाते जा रहे हैं। हाथियों को लेकर विभाग पिछले तीन दशकों से लगातार प्रयोग कर रहा है लेकिन अभी तक हाथियों की उपस्थिति की जानकारी के लिए कोई सूचना तंत्र विकसित नहीं कर पाया है तथा ग्रामीणों की सूचना पर पूरी तरह आश्रित है। ग्राम करंजवार में दंतैल के पहुंचने की सूचना भी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को नहीं थी।

**पैरावट में छिपाकर रखा था तार**

बताया जा रहा है जंगल में दंतैल के पहुंचने की सूचना पर गांव के रामदास ने अपने घर के निकट विद्युत पोल से तार के माध्यम से 200 मीटर दूर गेंहू की फसल की सुरक्षा के लिए जीआई तार की बाड़ लगाया था। अनुमान लगाया जा रहा है दंतैल गेंहू के खेत में पहुंचते ही करंट की बाड़ के संपर्क में आते ही गिर गया होगा तथा उसकी मौत हो गई होगी। सुबह जब वनकर्मी पहुंचे तो न तो खेत में जीआई तार की बाड़ थी न ही पोल से बिजली खींचने का कोई साक्ष्य। काफी खोजबीन के बाद वनकर्मियों ने पैरावट में रखे कवर्ड तार एवं जीआई तार बरामद करने के साथ ही आरोपी किसान रामदास को गिरफ्तार किया है।



# टक्कर के बाद ट्रक में लगी आग जिंदा जलकर चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज/वाड्रफनगर

शुक्रवार की सुबह त्रिकुंडा थाना क्षेत्र के महुली में भिड़ंत के बाद ट्रक में आग लग गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और चालक को भागने तक का मौका नहीं मिल सका। इस हादसे में क्लिंकर लोड ट्रक के चालक की जिन्दा जलकर मौत हो गई जबकि दूसरे ट्रक का चालक बुरी तरह से घायल हो गया। इस घटना की सूचना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने केबिन का शीशा तोड़कर बाहर निकाला। घायल चालक को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया है जबकि मौके पर पहुची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

- दूसरे ट्रक के चालक को केबिन का शीशा तोड़कर बचाया गया, महुली में हुई घटना

बताया जा रहा है कि झारखंड के गढ़वा मसुरिया निवासी 25 वर्षीय अरबाज खान आ. इलहाक खान क्लिंकर लेकर दीपका क्षेत्र से क्लिंकर लोड कर जा रहा था जबकि दूसरे ट्रक का चालक विजयनगर निवासी 44 वर्षीय संतोष गुप्ता राईस मिल से चावल लोड कर वाड्रफनगर की ओर जा रहा था। इस दौरान जैसे ही दोनों ट्रक त्रिकुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम महुली के समीप पहुंचे तेज रफ्तार ट्रकों के बीच भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि क्लिंकर लोड ट्रक में आग लग गई। टक्कर के साथ ही आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया और टक्कर से सम्भले चालक को केबिन से बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल सका। भीषण आग की चपेट में आकर क्लिंकर लोड ट्रक के चालक अरबाज खान की जिंदा जलकर मौके पर ही मौत हो गई जबकि संतोष गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस, प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची ⏭ शेष पेज 4 पर

**चल रही है जांच**

ट्रकों के बीच हुई भिड़ंत के बाद एक चालक की जलकर मौत हो गिया है। चालक को केबिन से बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

-वैभव बैंकर रमनलाल
एसपी बलरामपुर




## खबर संक्षेप

### गरीबों के हक के चावल में दलाल सक्रिय



मनेन्द्रगढ़। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गरीबों को मिलने वाला चावल जिले में खुलेआम काला बाजारी का शिकार बनता जा रहा है। शासन गरीबों को सस्ते दर पर अनाज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रूपए खर्च करता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। कई जगहों पर राशन दुकानों से मिलने वाला चावल जरूरतमंदों की थाली तक पहुंचने के बजाय बाजार और दलालों के हाथों में पहुंच रहा है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इस पूरे खेल पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही और जिम्मेदार अधिकारी अब तक मौन क्यों हैं। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के कई इलाकों में यह स्थिति बन गई है कि अधिकांश राशन कार्डधारी चावल लेने राशन दुकान तक नहीं पहुंचते। कई मामलों में देखा गया है कि कार्डधारी राशन दुकानदार से चावल लेने के बजाय उसका रूपए लेकर वापस लौट जाते हैं। वहीं कुछ लोग राशन दुकान से चावल लेकर उसे सीधे दलालों को बेच देते हैं, इसके बाद यही चावल बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। इस पूरे खेल में गरीबों के हिस्से का अनाज खुलेआम काला बाजार में खपाया जा रहा है।

### आधार कार्ड में जन्मतिथि बदलना अब नहीं आसान

अनूपपुर। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार में जन्मतिथि बदलने के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। दरअसल आधार कार्ड में जन्मतिथि (डेट ऑफ बर्थ) को बार-बार बदलने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इसके तहत अब आधार में जन्मतिथि में संशोधन केवल विशेष परिस्थितियों में ही किया जा सकेगा। प्राधिकरण का कहना है कि किसी भी व्यक्ति की जन्मतिथि एक ही होती है, इसलिए सामान्य परिस्थितियों में इसे बदलने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। हालांकि कई मामलों में आधार नामांकन के दौरान ऑपरेटर की त्रुटि, अनुमानित जानकारी दर्ज होने या गलत दस्तावेज देने के कारण जन्मतिथि गलत दर्ज हो जाती है। ऐसे मामलों में ही सुधार की अनुमति दी जाएगी। वह भी तब जब संबंधित व्यक्ति के पास प्रमाणित और सत्यापन योग्य दस्तावेज उपलब्ध हों। यूआईडीएआई का उद्देश्य आधार डाटाबेस की शुद्धता और विश्वसनीयता बनाए रखना है, ताकि नागरिकों की पहचान से जुड़ी जानकारी पूरी तरह सही और प्रमाणिक बनी रहे।

### स्वच्छता दीदियों का सम्मान

बिजुरी। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बिजुरी द्वारा स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण को लेकर एक विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर को साफ-सुथरा रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिला सफाई कर्मचारियों (स्वच्छता दीदियों) को सुरक्षा एवं सफाई किट प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वच्छता दीदियों के कार्यों की सराहना की।

## जिला जेल बैकुंठपुर का तिमाही निरीक्षण

# बंदियों को मिल रही सुविधाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



जिला जेल बैकुंठपुर का तिमाही निरीक्षण शुक्रवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष योगेश पारीक, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के नेतृत्व में किया गया। यह निरीक्षण राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा उच्चतम न्यायालय में दायर सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया प्रकरण में पारित निर्णय के पालन में किया गया।

प्रधान जिला न्यायाधीश और कलेक्टर ने बंदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की तथा जेल परिसर में संचालित लीगल एड क्लिनिक का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदियों के बैरक, शौचालयों की स्थिति, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि सभी बंदियों को समय पर विधिक सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं और उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण दल ने बंदियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। निर्देशों के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और डिस्ट्रिक्ट विजिटर्स बोर्ड द्वारा प्रत्येक तिमाही में जिला जेल बैकुंठपुर का निरीक्षण किया जाता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जेल में बंदियों के साथ किसी भी प्रकार का जातिगत या अन्य भेदभाव न हो और उन्हें सभी आवश्यक अधिकार व सुविधाएं समय पर मिलती रहें।

# लापरवाही पर दो शिक्षकों को फटकार

## वेतन रोकने के निर्देश, स्कूल-आंगनबाड़ी का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



जिले के अंतिम छोर तक सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी को सोनहत विकासखंड के विभिन्न गांवों के दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने ग्राम मेण्ड्राकला, धनपुर और गोयनी के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों सहित आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्कूलों में उपस्थिति पंजी की जांच की और बच्चों से पढ़ाई-लिखाई को लेकर सवाल-जवाब किए।

प्राथमिक शाला गोयनी में पढ़ने वाले छात्रों रुचि, करिश्मा, प्रीति, यशमति, तारामती, प्रभाकर, प्रिंस, अमित और विजयराज ने कलेक्टर को कविताएं सुनाईं। इस दौरान कलेक्टर ब्लैकबोर्ड के पास पहुंचकर खुद शिक्षिका की भूमिका में नजर आईं और बच्चों को जोड़ व गुणा करना सिखाया। वहीं आनंदपुर मिडिल स्कूल के एक छात्र ने आत्मविश्वास के साथ 29 का पहाड़ा सुनाकर सभी को प्रभावित किया। बच्चों ने देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम भी सही-सही बताए। निरीक्षण के दौरान शिक्षकीय कार्य में लापरवाही पाए जाने पर मेण्ड्राकला के प्रधान पाठक रमेश गुप्ता और शिक्षक विवेक साहू को कड़ी फटकार लगाई गई। कलेक्टर ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को दोनों शिक्षकों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण करने और पढ़ाई के स्तर की लगातार निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर बच्चों के पोषण और भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि बच्चों को भरपेट भोजन के साथ हरी सब्जियां, दाल और रोटी नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान कोरिया मोदक लड्डू वितरण की जानकारी भी ली गई। कार्यकर्ता ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को यह लड्डू नियमित रूप से दिए जा रहे हैं। कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने स्कूल में बने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए स्वयं भोजन चखकर देखा और स्वादिष्ट भोजन तैयार करने के लिए रसोइया की सराहना भी की।

# 79 दिनों से हाथियों का आतंक धनगवां बीट के जंगल में डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर



मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में पिछले 79 दिनों से तीन हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए हैं। जैतहरी वन परिक्षेत्र के धनगवां बीट से लगे गांवों में हाथियों के लगातार विचरण से ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। देर रात खेतो में पहुंचकर हाथी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान दहशत और आर्थिक नुकसान दोनों झेल रहे हैं।

जिले के जंगलों में पिछले करीब 79 दिनों से तीन हाथियों का समूह लगातार सक्रिय बना हुआ है। यह झुंड जैतहरी वन परिक्षेत्र के धनगवां बीट के जंगल में दिन के समय विश्राम करता है और रात होते ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निकलकर खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाता है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों ने इस इलाके को मानो अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है। देर रात अचानक गांवों में पहुंचकर हाथी गेहूं, चना और अन्य फसलों को अपना आहार बना रहे हैं। कई बार ग्रामीणों ने मशाल, पटाखे और शोर मचाकर हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन वे फिर लौट आते हैं। स्थिति यह है कि जंगल से लगे गांवों के लोग परिवार सहित रात भर जागने को मजबूर हैं। कई ग्रामीण छतों पर पहरा दे रहे हैं तो कुछ लोग आग जलाकर हाथियों को गांव से दूर रखने की कोशिश करते हैं। लगातार हो रहे नुकसान से किसानों में चिंता और आक्रोश दोनों बढ़ रहे हैं।

# हाईस्कूल में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह, 33 मेधावी छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



विद्यार्थियों को मिला सम्मान

सम्मानित विद्यार्थियों में आयुष राजवाड़े, उत्कर्ष ठाकुर, ममता राजवाड़े, दिव्या राजवाड़े, रौनक सिंह, खुशबू यादव, आदित्य राजवाड़े, सुनैना बखला, पंकज कुमार राजवाड़े, प्रत्युषा शर्मा, आकाश यादव, रितेश कुमार, रुस्तम राजवाड़े, प्रतीक राजवाड़े, प्राची यादव, आंचल यादव, नैतिक सिंह, गुलशन राजवाड़े, स्नेहा यादव, लक्ष्य कुमार साहू, प्रियांशु यादव, सोनू सिंह, कृष्णा, स्वरा रजक, आयुष कुमार, गरिमा सिंह, निष्ठा सिंह, राशि गोयन, उज्जवल, काम्या राजवाड़े, साम्या खातून, आकांक्षा और तुलसी राजवाड़े शामिल रहे। वहीं कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों में दिव्या, खुशबू, महिमा, रौनक, अनुकल और प्रिंशु को गुलाब का फूल एवं उपहार देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

शहर के स्थानीय ठाकुर अजय सिंह हाईस्कूल में वर्ष 2026 का वार्षिकोत्सव सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 33 मेधावी विद्यार्थियों और 6 पूर्व छात्रों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय शिक्षा समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर और प्राचार्या पार्वती यादव ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यालय का संचालन अजय शिक्षा समिति के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक और बौद्धिक वातावरण प्रदान करना है। कार्यक्रम का संचालन संवर्त कुमार रूप द्वारा किया गया, जबकि सह-संचालन स्नेहा पैकरा और खुशी शेख ने किया। विद्यालय को गौरवान्वित करने वाले पूर्व छात्र-छात्राओं में तरूणी भार्गव शिक्षिका, पूर्व एल्डरमैन नगर पालिका शशि कुमार मांझी मोनू, व्यवसायी चंदन ढीमर और पटवारी, राजस्व विभाग बैकुंठपुर आशा भगत सहित अन्य को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में व्यवस्थापक मनीष कुमार सिंह, प्राचार्य पार्वती यादव, दीपा सिंह, सुनीता ठाकुर, बबीता सिंह, रानू गुप्ता, महेन्द्र राजवाड़े, प्रीति

# स्व सहायता समूहों का रजिस्ट्रेशन कराने के लिए शिविर

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले में स्कूलों पीएम पोषण कार्यक्रम संचालन करने वाले स्व सहायता समूहों को रजिस्ट्रेशन कराने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां स्व स्हायता समूह के अध्यक्ष आवश्यक दस्तावेज लेकर अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन कराने के साथ वृद्धि करा सकते हैं।

जानकारी के अनुसार स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्व सहायता समूह एमडीएम का संचालन करते हैं। खाद्य पदार्थो के निर्माण, वितरण एवं विक्रय के दौरान स्वच्छता और गुणवत्ता मानकों का पालन अनिवार्य है तथा इसके लिए अनुज्ञप्ति लेना भी जरूरी किया गया है। जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 व खाद्य सुरक्षा और मानक खाद्य कारोबार का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण विनियम 2011 के नियमो के अनुसार पीएम पोषण अंतर्गत कार्य कर रहे संचालनकर्ता स्व सहायता समूह को खाद्य व्यापार करने के लिए खाद्य अनुज्ञप्ति या पंजीयन की आवश्यकता होती है। इसके लिए खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### सहायिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली सहायिकाओं को बीते दिनों शहर के मानस भवन में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि छात्रों को परोसे जाने वाले मिड डे मिल गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें क्या करना है। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों को परोसे जाने वाला भोजन पूरी तरह सुरक्षित, पौष्टिक के साथ निर्धारित मानकों के अनुरूप हो और भोजन पकाने के दौरान आवश्यक सावधानियों आदि के बाद में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें बैकुंठपुर विकाखंड एवं सोनहत विकासखंड अंतर्गत विद्यालयों के सहायिकाएं काफी संख्या में उपस्थित रही।

# चौक-चौराहों पर जाम, बैंक के सामने पार्किंग नहीं

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के प्रमुख चौक-चौराहे इन दिनों अतिक्रमण की चपेट में हैं। शहर केकई हिस्सों में सड़कें सिकुड़ती जा रही हैं और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। हालात यह हैं कि आमजन को छोटी-छोटी दूरी तय करने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या से मानो पूरी तरह बेखबर नजर आ रहे हैं।

शहर के मुख्य मार्गों और व्यस्त चौक-चौराहों के आसपास फुटपाथों और सड़क किनारे अस्थायी दुकानें तथा अवैध कब्जे तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, इससे सड़कों की चौड़ाई कम हो गई है और यातायात व्यवस्था चरमराने लगी है। खासकर बाजार क्षेत्र और मुख्य सड़कों पर सुबह से लेकर शाम तक वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। जाम के कारण राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी शहर में स्थित बैंकों के सामने देखने को मिलती है। अधिकांश बैंकों के पास पार्किंग की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। बैंक आने वाले ग्राहक अपनी गाड़ियां सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं, जिससे सड़क का बड़ा हिस्सा घिर जाता है और यातायात बाधित होने लगता है। कई बार तो बैंक के सामने इतनी भीड़ लग जाती है कि सड़क पूरी तरह जाम हो जाती है और लोगों को घंटों फंसे रहना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बैंक प्रबंधन को अपने ग्राहकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए, लेकिन इस दिशा में कोई पहल नजर नहीं आती।

# जलसंरक्षण के लिए किशोरी पंचायत में जनसहयोग बने 60 सोख्ता गड्ढ़े

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मोर गांव मोर पानी जलसंरक्षण महाभियान कोरिया जिले में आवा पानी झोंकी के नाम से नए बदलाव की बयार बन चुका है। कोरिया जिले के जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत किशोरी के टिपका पारा में जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर एक सराहनीय पहल की गई है।

आवा पानी झोंकी अभियान से प्रेरित होकर स्थानीय ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान के माध्यम से एक ही दिन में 60 सोख्ता गड्ढ़ों का निर्माण कर मिसाल पेश की है। इस गांव में पहले घरों से निकलने वाला अपशिष्ट जल खुले में फैल जाता था, जिससे गंदगी और मच्छरों की समस्या बढ़ जाती थी। कई स्थानों पर पानी जमा होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। यह समस्या आम जनजीवन के आवागमन से लेकर उनके स्वास्थ्य पर भी बेहद दुष्प्रभाव डाल रही थी। प्रशासन की पहल से इस समस्या के लिए ग्राम पंचायत ने आगे बढ़कर समस्या हल करने का निर्णय लिया। ग्राम पंचायत के सरपंच बबन ने बताया कि गर्मी के मौसम में गांव का भू-जल स्तर काफी नीचे चला जाता है। साथ ही घरों से निकलने वाला गंदा पानी खुले में फैलने से गांव का वातावरण भी लगातार प्रभावित होता था।

प्रशासन द्वारा आवा पानी झोंकी अभियान के तहत पहले प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को प्रोत्साहित कर उनके घरों में सोख्ता गड्ढों के निर्माण कराए इससे नए घरों के निकासी जल की समस्या समाप्त हुई। इसके बाद गांव में भी इसे जनसहयोग से हर घर में लागू करने का निर्णय लिया गया है।

### वार्ड वार बैठक से निकला हल

सरपंच ने बताया कि इस कार्य को पूरा करने के लिए ग्राम पंचायत के सभी वार्डों की एक बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से समस्या के निराकरण का सामूहिक निर्णय लिया गया। विशेष बात यह है कि इस कार्य में शासन की कोई राशि खर्च नहीं हुई और सभी ग्रामीणों ने स्वयं प्रेरित होकर जनसहयोग और श्रमदान के माध्यम से इस पहल को सफल बनाया है। अब हर घर से निकला हुआ यह पानी सोख्ता गड्ढ़े से जमीन में समाहित होगा, जिससे गांव में स्वच्छता बनी रहेगी और जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

# गर्ल्स कालेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण




हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 9 मार्च को महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता 22, 23 एवं 24 दिसंबर 2025 को क्रीड़ा प्रभारी श्रीमती कनकलता पैकरा, क्रीड़ाधिकारी चंदन सिंह पटेल तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ के नेतृत्व में आयोजित की गई थी। पुरस्कार वितरण समारोह महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के कुशल मार्गदर्शन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर की अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, जिला पंचायत कोरिया की उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के उपाध्यक्ष आशीष यादव उपस्थित रहे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती रेनु सिंह, अमृतलाल गुप्ता, श्रीमती गीता साहू, हर्षित राय, श्रीमती मनीषा जायसवाल एवं श्रीमती अर्चना गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस तथा एथलेटिक्स की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बैडमिंटन (सिंगल) में आशिया (बी.कॉम तृतीय वर्ष) ने प्रथम, पूजा भगत (बी.एससी तृतीय सेमेस्टर) ने द्वितीय तथा नीलू (एम.एससी प्रथम सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन (डबल्स) में आशिया एवं प्रियांशी बड़ा प्रथम, संतोषी एवं खुशबू द्वितीय तथा पूजा भगत एवं नीलू सिंह तृतीय स्थान पर रहे। खो-खो में खो-खो क्वीन टीम प्रथम, सरोजनी एलीट टीम द्वितीय तथा रानी लक्ष्मीबाई वॉरियर्स टीम तृतीय स्थान पर रही। वॉलीबॉल में रानी लक्ष्मीबाई वॉलीबॉलर्स टीम प्रथम तथा कल्पना चावला स्टार्स टीम द्वितीय स्थान पर रही।

सरगुजा मार्केट

डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के ( चौथा रविवार )
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार )
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जन
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 मार्च 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 14 मार्च 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज़ और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाए
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप



### आंबा सहायिका एवं रसोइयों को दिया गया प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** द जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ द्वारा वाटिका परियोजना बाड़ी से थाली तक का सफर, संतुलित आहार से पोषण की ओर अग्रसर अंतर्गत विकासखंड बतौली के सरमना और लखनपुर के इरगवां में आंगनबाड़ी सहायिका एवं स्कूल के रसोइयों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सहायिका एवं रसोइयों को संतुलित आहार, साफ-सफाई, खाना पकाने के सही तरीके से अवगत कराया गया जिससे खाना और अधिक पौष्टिक बन सके। पोषण वाटिका में उगाई गई सब्जियों से स्कूल और आंगनबाड़ी के भोजन में अधिक पौष्टिकता और विविधता लाने के तरीकों को बताया गया।

### एनएसएस शिविर में तंबाकू के दुष्प्रभाव पर दी गई जानकारी



**अंबिकापुर।** शासकीय पॉलिटेक्निक अंबिकापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम महावीरपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों के लिए बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान तंबाकू के दुष्प्रभाव तथा उपभोक्ता जागरूकता विषय पर विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रथम सत्र में तंबाकू के दुष्प्रभाव विषय पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने व्याख्यान दिया। उन्होंने तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा नाश का कारण बनता है और तंबाकू के सेवन से कई गंभीर बीमारियों, विशेष रूप से कैंसर, होने का खतरा बढ़ जाता है। द्वितीय सत्र में उपभोक्ता जागरूकता विषय पर व्याख्यान अर्चना सिन्हा सदस्य उपभोक्ता फोरम आयोग द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार बघेल ने किया।

### घरेलू गैस सिलेंडरों की जमाखोरी व कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महामंत्री परवेज आलम गांधी ने घरेलू गैस सिलेंडरों की कृत्रिम कमी, जमाखोरी व कालाबाजारी पर रोक लगाने की तथा शिकायतों के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन जारी करने की मांग की को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि हाल के दिनों में जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में अनियमितता तथा कृत्रिम कमी की शिकायत लगातार सामने आ रही है। स्थानीय उपभोक्ताओं की शिकायत की अनुसार गैस एजेंसी में सही समय पर बुकिंग भी नहीं हो रही है और समय पर सिलेंडर भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण आम नागरिकों, महिला, बुजुर्ग को लम्बी लाइन लगना पड रहा है। ऐसे में नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि गैस की कमी एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए तत्काल एक टोल फ्री नंबर जारी किया जाए, ताकि नागरिक आसानी से शिकायत दर्ज करा सकें और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई हो सके। इसके अलावा जो लोग गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी में संलिप्त पाए जाए उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जिले में गैस वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं, ताकि कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण हो सके।

## जंगल के बीच झाला झोपड़ी बनाकर कर रहे वन भूमि पर कब्जा

# ग्राम पंचायत महेशपुर के पोखरी भाटा एवं लालो बोदार में सक्रिय हुए अतिक्रमण कारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

ग्राम पंचायत महेशपुर के पोखरी भाटा एवं लालो बोदार स्थित जंगल में एक बार फिर अतिक्रमण कारी सक्रिय हो गए है जो बेखौफ होकर न सिर्फ वन भूमि में कब्जा करने लगे है। अतिक्रमण कारी इतने शातिर है कि जंगल के पेड़ को काट कर ही पहले झाला झोपड़ी बनाते है फिर मकान बना लेते है। कई अतिक्रमण कारी ऐसे भी है जो वन भूमि पर अवैध कब्जा करने के बाद अपने काबिज कुछ हिस्से को बिक्री कर देते है। ऐसा नहीं है कि विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। एक साल पूर्व ही विभाग ने जिला प्रशासन व पुलिस की मदद से बेचा कब्जा को हटाया था लेकिन विभाग की उदासीन रवैया और देख रेख के अभाव में फिर से पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो गई है।

**खास बात**

- पूर्व में वन विकास निगम ने वन भूमि को कराया था कब्जा मुक्त

जिले के वन विकास निगम प्रेमनगर स्थित महेशपुर ग्राम पंचायत में एक बार फिर वन भूमि पर अवैध कब्जा का खेल शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों की माने तो कुछ वर्ष पूर्व बड़ी संख्या में दीगर जिलों से आए एक बड़ा जनसमूह ने ग्राम पंचायत महेशपुर के पोखरी भाटा एवं लालो बोदार गांव पहुंचा था और जंगल के भीतर वन भूमि पर अवैध कब्जा कर बड़ी संख्या में में घर बना लिया था। इधर वन विकास की भूमि पर दिगर जिले के लोगों द्वारा अवैध कब्जा करने पर पूर्व कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेकर हुए अतिक्रमण को खाली कराया था लेकिन स्थानीय एक असामाजिक व्यक्ति द्वारा पुनः उन्हे उसी स्थान पर बसा दिया गया था। वन भूमि पर लगभग पांच साल से अवैध कब्जा करने से वन भूमि को खाली कराना वन विकास निगम के लिए एक बड़ी चुनौती साबित होने लगे। इसी बीच साल 2024 जून माह में वन विकास निगम ने जिला प्रशासन व पुलिस की मदद से बड़ी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को मुक्त कराया था। हैरानी की बात तो यह है कि अतिक्रमण कारी उस वन भूमि पर अवैध कब्जा किए थे जहां सागौन प्लांटेशन था और सागौन के पेड़ों की कटाई कर उसी लकड़ी से पहले झाला, झोपड़ी बनाया फिर मकान बनाकर रहने लगे। एक साल बाद पुनः पूर्व की भांति दिगर जिलों के लोगों द्वारा जंगल के बीच झाला, झोपड़ी बनाना शुरू कर दिया है। ऐसे में समय रहते वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया तो आने वाले समय में पुनः पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो जाएगी।



जंगल के बीच अतिक्रमणकर बनाए गए झोपड़ी।

### हटाया गया था अतिक्रमण

वन विकास निगम प्रेमनगर स्थित महेशपुर गांव में साल 2024 जून माह में जिले की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन व पुलिस के सहयोग से सालों से जंगल के भीतर अतिक्रमण कर बनाए गए घरों पर बुलडोजर चला कर जमीदोज कर दिया था। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में लगभग 40 घरों पर एक साथ पांच बुलडोजर चला कर काबिज सभी वन भूमि को खाली करा दिया गया था। इस बीच कई बार संयुक्त टीम को कब्जाधारियों के विरोध का भी सामना करना पड़ा अतिक्रमण हटाने के बाद अब पुनः उसी स्थान जंगल के बीच अवैध अतिक्रमण शुरू हो गया है।

### बेच देते है भूमि

ग्राम पंचायत महेशपुर के ग्रामीणों का कहना है कि जंगल के बीच दूसरे जिले से लोग आकर वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण करते है। जंगल की पेड़ो की कटाई कर उसी लकड़ी से झोपड़ी बनाते है। साथ ही अन्य जिले से के लोगों को अपनी जमीन का कुछ हिस्सा दिखा कर औने पौने दाम पर बिक्री कर देते है। वन भूमि पर अवैध कब्जा का खेल लंबे समय से चल है।

### ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने जंगल के बीच अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लोग बाहर से आकर जंगल के बीच घर बना लेते है और मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए दबाव बनाते है। जबकि ग्राम सभा की बैठक में अवैध अतिक्रमण कारियों को हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। साथ ही इसकी शिकायत जिला प्रशासन, संबंधित विभाग के अलावा जनप्रतिनियों से कई बार कर चुके है।

### मिली है सूचना

कुछ बाहरी लोगों द्वारा वन भूमि में अतिक्रमण कर रहे है। पूर्व में जिला प्रशासन की सहयोग से हटाया गया था। अभी फिर से अतिक्रमण करने की सूचना मिली है। एसएसपी से मुलाकात हुआ है और अप्रैल में फोर्स देने की बात हुई है इसके बाद अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

-**आरआर पैकरा**, वन विकास निगम डीएम



## दोना-पत्तल दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

ग्राम सलका में उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब एक दोना पत्तल दुकान में आग लग गई। आगजनी की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए वहीं सूचना के बाद भी दमकल के समय पर नहीं पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने सूझबूझ कर परिचय देते हुए आग पर काबू पाया। आगजनी से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है।

- तीन घंटे बाद पहुंची दमकल, ग्रामीणों की तत्परता से टला बड़ा हादसा

भटगांव क्षेत्र के ग्राम सलका में बुधवार की सुबह दोना-पत्तल दुकान में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सुबह करीब 9 बजे गांव के लोगों ने अवंति दोना-पत्तल दुकान से धुआं और आग की लपटें निकलते देखा। देखते ही देखते आग ने दुकान के भीतर रखे दोना-पत्तल, डिस्पोजल सामान आग की चपेट में आ गई जिससे पूरे दुकान में आग फैल गई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पानी व अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी मनोज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। आगजनी से दुकान में रखे सामान को भारी नुकसान पहुंचा है। आगजनी से करीब 3 से 3.50 लाख रुपये तक का नुकसान बताया जा रहा है। बताया गया कि घटना के समय दुकान संचालक का परिवार अपने दामाद के घर आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे जिससे दुकान बंद थी। प्रारंभिक जांच में दुकान में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सुबह 9 बजे लगी आग पर काबू पाने के लिए दमकल वाहन करीब तीन घंटे बाद 12 बजे मौके पर पहुंचा। तब तक ग्रामीणों की मदद से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया था, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।

## जिले के युवाओं को सेना में करियर के लिए किया जा रहा प्रेरित

सूरजपुर। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है और जिले के कोने-कोने तक इस अभियान को पहुंचाने का संकल्प लिया है। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में जिले के समस्त महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई संस्थानों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो युवाओं को अग्निवीर बनने की राह पर योजनाबद्ध ढंग से अग्रसर कर रहे हैं। इस अभियान को धार दे रहे हैं भूतपूर्व पैरा कमांडो पुरुषोत्तम चंद्रा जिनके अनुभव और वक्तव्य युवाओं में सेना के प्रति ललक जगाने का काम कर रहे हैं। वे जनपद पंचायतों, महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई संस्थानों में जाकर छात्र-छात्राओं को सेना की सेवा चयन प्रक्रिया और करियर की असीमित संभावनाओं से रूबरू करा रहे हैं। इसी क्रम में आज शासकीय महाविद्यालय प्रेमनगर, आईटीआई प्रेमनगर, शासकीय महाविद्यालय ओडगी तथा आईटीआई ओडगी में कार्यशालाओं का आयोजन हुआ। कार्यशालाओं में उमड़े उत्साही युवाओं ने भर्ती प्रक्रिया की बारीकियां समझें और अपने मन में उठे हर सवाल का समाधान पाया।



## अफीम की खेती करने को लेकर एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

**शंकरगढ़।** कुसमी क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में अवैध अफीम की खेती किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अनमोल टोप्पो ने ब्लॉक स्तर शंकरगढ़, कुसमी के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में राजस्व, पुलिस, वन, पंचायत,महिला एवं बाल विकास, आबकारी एवं कृषि विभाग को अवैध अफीम एवं अन्य अवैध नशे की खेती को पूरी तरह रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान एसडीएम अनमोल टोप्पो ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जाए और कहीं भी अवैध रूप से अफीम, गांजे की खेती की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शंकरगढ़ और कुसमी क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में विशेष रूप से सतर्कता बरती जाए और संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। एसडीएम ने यह भी कहा कि गांवों में जन जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है, ताकि किसान किसी भी प्रकार की अवैध खेती से दूर रहें। साथ ही पंचायत स्तर पर भी निगरानी तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में ब्लॉक के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, उन्होंने क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती पर रोक लगाने के लिए संयुक्त रूप से कार्रवाई करने की बात कही।



## कलेक्टर ने मनरेगा एवं विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला पंचायत सीईओ, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा केएम पाठक, सुरजपुर जनपद सीईओ, कार्यक्रम अधिकारी तथा टेक्निकल टीम के साथ जनपद पंचायत सूरजपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित विकास एवं मनरेगा कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दि।

निरीक्षण के दौरान टीम ने ग्राम पंचायत करमपुर एवं गोविंदपुर में मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों का अवलोकन किया। यहां मिट्टी बांध, अमृत सरोवर, गली प्लग, कंटूर ट्रेंच तथा नाला सफाई के कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के समन्वय से कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत करमपुर में निर्मित अमृत सरोवर तथा मिट्टी बांध के जल का उपयोग कर किसानों द्वारा लगभग 20 एकड़ क्षेत्र में की गई गेहूं की खेती का भी अवलोकन किया और जल संरचनाओं के बेहतर उपयोग की सराहना की,इसके अलावा ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में संचालित खेलो इंडिया सेंटर का निरीक्षण किया गया,कलेक्टर ने खेल प्रशिक्षक को खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देकर उन्हें राज्य स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही ग्राम पंचायत कोरेया में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने इसे महिला एवं बाल विकास विभाग को हस्तांतरित कर शीघ्र आंगनबाड़ी संचालन शुरू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम हर्राटिकरा में मनरेगा के विगत वर्षों में किए गए कार्यों का भी अवलोकन किया। यहां मनरेगा के प्रचार-प्रसार के लिए लगाए गए क्यूआर कोड को मोबाइल से स्कैन कर योजना से संबंधित जानकारी की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। साथ ही विकसित भारत गारंटी फॉर आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना के प्रारंभ होने के पूर्व तैयारी की जानकारी लेते हुए विकसित भारत गारंटी फॉर आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

ग्रामीणों को अधिनियम अंतर्गत प्रदत्त 125 दिनों की रोजगार गारंटी, कार्य की मांग करने की प्रक्रिया, जॉब कार्ड की उपयोगिता, समय पर मजदूरी भुगतान, तथा पारदर्शिता एवं सामाजिक अंकेक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया गया। ज्ञात हो कि इस क्यूआर कोड को स्कैन कर कोई भी नागरिक मनरेगा के कार्यों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकता है। ग्रामीण अपने मोबाइल से इन क्यूआर कोड को स्कैन कर मनरेगा अंतर्गत हुए कार्यों की स्वीकृति, पूर्णता, मजदूरी भुगतान, कार्यों पर हुए कुल व्यय जैसे समस्त जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते है।



**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/2037/वाचक-2/2026 सूरजपुर दिनांक 12/03/2026

**// सार्वजनिक उद्घोषणा/ईश्तहार //**

सर्व साधारण ग्रामवासी /नगरवासी ग्राम/नगर लाछा प.ह.नं.11 तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुफल पिता स्व. मनीराम जाति गोंड़ निवासी ग्राम लाछा पोस्ट केतका थाना सूरजपुर तहसील. सूरजपुर जिला- सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने माता फूलकुंवर पिता/पति स्व. मनीराम मृत्यु तिथि 14/7/2014 स्थान लाछा के जन्म मृत्यु पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसमें कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस न्यायालय में जिस व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभावक द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 30/03/2026 दिन सोमवार को उपस्थित होकर दावा /आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 12/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**नायब तहसीलदार**
उप तह. मानी, तहसील सूरजपुर
जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/2038/वाचक-2/2026 सूरजपुर दिनांक 12/03/2026

**// सार्वजनिक उद्घोषणा/ईश्तहार //**

सर्व साधारण ग्रामवासी /नगरवासी ग्राम/नगर लाछा प.ह.नं.11 तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक वीरसाय पिता गुरू प्रसाद जाति गोंड़ निवासी ग्राम लाछा पोस्ट केतका थाना सूरजपुर तहसील. सूरजपुर जिला- सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने पिता गुरू प्रसाद पिता मानसाय मृत्यु तिथि 10/2/2009 स्थान लाछा के जन्म मृत्यु पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसमें कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस न्यायालय में जिस व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभावक द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 30/03/2026 दिन सोमवार को उपस्थित होकर दावा /आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 12/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**नायब तहसीलदार**
उप तह. मानी, तहसील सूरजपुर
जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/2037/वाचक-2/2026 सूरजपुर दिनांक 12/03/2026

**// सार्वजनिक उद्घोषणा/ईश्तहार //**

सर्व साधारण ग्रामवासी /नगरवासी ग्राम/नगर लाछा प.ह.नं.11 तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुफल पिता स्व. मनीराम जाति गोंड़ निवासी ग्राम लाछा पोस्ट केतका थाना सूरजपुर तहसील. सूरजपुर जिला- सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने पिता स्व. मनीराम पिता स्व. शिवरतन मृत्यु तिथि 6/8/2007 स्थान लाछा के जन्म मृत्यु पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसमें कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस न्यायालय में जिस व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभावक द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 30/03/2026 दिन सोमवार को उपस्थित होकर दावा /आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 12/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**नायब तहसीलदार**
उप तह. मानी, तहसील सूरजपुर
जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र............ ब-121/2024-25
ग्राम पकराडी
तहसील राजपुर

**-:: ईश्तहार::-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम पकराडी को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र प्रसाद आ. प्रभु जाति गोड़ निवासी ग्राम पकराडी थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.) द्वारा अपने दादा जी स्व. बहादुर आ. प्रभु की मृत्यु ग्राम पकराडी में दिनांक 20.05.2003 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 16/03/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यापालिक दण्डाधिकारी**
राजपुर
जिला- बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र............ ब-121/2024-25
ग्राम पकराडी
तहसील राजपुर

**-:: ईश्तहार::-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम पकराडी को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र प्रसाद आ. प्रभु जाति गोड़ निवासी ग्राम पकराडी थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.) द्वारा अपने दादा जी स्व. नान आ. प्रभु की मृत्यु ग्राम पकराडी में दिनांक 05.06.2006 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 16/03/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यापालिक दण्डाधिकारी**
राजपुर
जिला- बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**// न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) उदयपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) //**

रा.प्र.क्र. /अ-02/2025-2026

**"ईश्तहार"**

आवेदिकागण अहिलिया पैकरा पति देवनाथ तथा सीमा सिंह पति टीमल कुमार सिंह दोनों जाति कंवर, निवासी ग्राम सलका, तहसील उदयपुर, जिला सरगुजा, के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन का संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि ग्राम सलका, तहसील उदयपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 745/2 रकबा 0.033 हे. भूमि आवेदिकागण के स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि है। आवेदक के द्वारा उक्त भूमि के आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन की माँग की गई है।

उक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 23.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
उदयपुर, सरगुजा

**// न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) उदयपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) //**

रा.प्र.क्र. /अ-02/2025-2026

**"ईश्तहार"**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बसन्ती एक्का पति श्री मोहर साय एक्का उम्र 50 वर्ष जाति उरांव पेशा कृषि निवासी ग्राम उदयपुर, तहसील उदयपुर जिला सरगुजा द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम उदयपुर तहसील उदयपुर खसरा क्रमांक 255/8 रकबा 0. 114 हेक्टेयर स्थित है। उक्त भूमि खसरा क्रमांक 255/8 रकबा 0.114 हेक्टेयर मे से रकबा 0.081 हेक्टेयर को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराना चाहती हैं। व्यपवर्तन कि स्वीकृति किये जाने हेतु आवेदन मय बी 1, नजरी नक्शा, ग्राम पंचायत प्रस्ताव एवं पंजीबद्ध विक्रय पत्र की प्रति प्रस्तुत कर व्यपवर्तन स्वीकृत किये जाने का निवेदन किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी। आज दिनाक 12/3/026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
उदयपुर, सरगुजा

म.प्र. के प्रसिद्ध पेन फिजिशियन एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी.मिंज अब सिटी हॉस्पिटल अंबिकापुर में प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार और रविवार,
(इस माह 14 और 15 मार्च 2026 ) को उपलब्ध रहेंगे
सिटी हॉस्पिटल
पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास, धंजल कॉम्पलेक्स
रिंग रोड अम्बिकापुर
Dr. B.MINJ Reg. No. MP- 5597
Director of Vishesh Spine & Pain Management Bhopal
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
अगर आप दर्द की दवाई खाकर या फिजियोथेरेपी कराके परेशान हैं तो अवश्य मिलें
SCOPE OF TREATMENT
• कमर दर्द • साइटिका • गर्दन का दर्द • नसों का दर्द • चेहरे पर करेंट जैसा दर्द • या दांतों का दर्द • कैंसर का दर्द • घुटने या जोड़ों का दर्द • अन्य कोई दर्द भी गठिया या पुराना दर्द
• बिना चीरफाड़ के अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ईलाज • TFESI/इंजेक्शन द्वारा ईलाज • लेजर रेडिओफ्रेंक्वेंसी अबलेशन मशीन द्वारा दर्द का ईलाज • स्टेम सेल/ पीआरपी ट्रीटमेंट (Regeneration Therapy) • ओजोन थेरपी (स्लिप डिस्क एवं जोड़ों का दर्द)
समय : शनिवार सुबह 10 से 3 बजे तक, रविवार सुबह 10 से 1 बजे तक
88770826055, +919827731775, 6261827790

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
डॉ.अमित जैन — MS, MCH (Neurosurgery)Brain & Spine Surgeon
डॉ.गौरी शंकर सिंह
डॉ.विनय कुमार ए.वी.
डॉ.बी.मिंज — 14 मार्च व 15 मार्च 2026
डॉ.शोभिक चन्द्रा
डॉ.बबलेश महावर
डॉ.अंबर गर्ग — खून की कमी,प्लेटलेट की कमी • बार बार खून चढ़ना,सिकल सेल एनीमिया • थैलेसीमिया,ब्लड कैंसर,बोन मैरो ट्रांसप्लांट
BLOOD BANK CENTER
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-II
रानी तालाब के सामने,जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
डॉ.सुशांत
15 मार्च 2026,माह के तीसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती,सर्जरी,उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### डिलिस्टिंग की मांग को लेकर भैयाथान में हुई जनजातीय सुरक्षा मंच की बैठक

**भैयाथान।** जनजातीय समाज से जुड़े मुद्दों को लेकर जनजातीय सुरक्षा मंच द्वारा भैयाथान स्थित मंगल भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डिलिस्टिंग की मांग को लेकर 24 मई को दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली में बड़ी संख्या में शामिल होने कहा गया। बैठक में बताया गया कि देशभर से करीब 10 लाख जनजातीय समाज के लोग दिल्ली पहुंचकर डीलिस्टिंग की मांग को लेकर महारैली करेंगे। इसी तैयारी के तहत भैयाथान में आयोजित कार्यशाला में विकासखंड के सभी गांवों में ग्राम समितियों के गठन, जनसंपर्क अभियान चलाने तथा दिल्ली रैली में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक लोगों का पंजीयन कराने का निर्णय लिया गया। जनजातीय सुरक्षा मंच के जिला संयोजक संत सिंह और जिला सह संयोजक लाल साय ने कहा कि जनजातीय समाज लंबे समय से यह मांग कर रहा है कि जो लोग आदिवासी परंपराओं को छोड़कर अन्य धर्मों को अपना चुके हैं, उन्हें आरक्षण सूची से बाहर किया जाए। इसी मांग को डिलिस्टिंग कहा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर देशभर में आंदोलन चल रहा है। इसके तहत गांव-गांव में ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कराने की तैयारी भी की जा रही है। साथ ही प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर डीलिस्टिंग की मांग रखी जा रही है। देशभर से करीब एक करोड़ पोस्टकार्ड भेजने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से अब तक लगभग 5 लाख पोस्टकार्ड भेजे जा चुके हैं। बैठक के दौरान हेम सिंह, राय सिंह, हृदय सिंह, बुधराम सिंह, रामप्रसाद पैकरा, टीमल सिंह, लाल बीयार, महेंद्र सिंह मार्को, शिवप्रसाद, टाकेश्वर, शशि सिंह, फलेश्वर सिंह, केपी सिंह, दीपक सहित जनजातीय सुरक्षा मंच के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने ठेकेदार व मकान मालिक के विरूद्ध दर्ज किया अपराध

**अम्बिकापुर।** घुटरा पारा में निर्माणाधीन मकान में पुट्टी पेंट करने के दौरान मजदूर की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत पुलिस ने ठेकेदार व मकान मालिक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कंठी निवासी बहुरन राम आ. ईश्वर (27 वर्ष) 8 दिसंबर को घुटरापारा निवासी राजेन्द्र प्रसाद सोनी के घर पेंट पुट्टी का काम कर रहा था। इसी दौरान हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से मजदूर नीचे गिर गया। मजदूर को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इधर कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम जांच उपरांत असुरक्षित तरीके से मजदूर से काम कराने पर ठेकेदार व मकान मालिक के विरूद्ध धारा 106, 6 (1), 3 (5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### युवक पर चाकू से हमला अपराध दर्ज

**सूरजपुर।** पैसा की लेनदेन की बात को लेकर हुए विवाद पर युवक पर चाकू से हमला कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। ग्राम डेडरी ढोढीपारा निवासी बालेश्वर राजवाड़े 11 मार्च की रात गांव में ही राम नारायण राजवाड़े के दुकान के पास दोस्तों के साथ बैठा था। इसी दौरान ग्राम सपकरा निवासी सतीश सोनी आया और पुराना पैसा की लेनदेन की बात को लेकर विवाद करने लगा। जिस पर बालेश्वर ने उसे समझा कर वापस भेज दिया और संजीव के साथ घर आने लगा। इसी बीच सतीश ने गाली गलौज करते हुए अपने पास रखे चाकू से हमला कर फरार हो गया। परिजन ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296(बी), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### नर्मदापुर साप्ताहिक बाजार से दो बाइक की चोरी, पीड़ितों को थाने से बैरंग लौटाया

**मैनपाट।** पुलिस की गश्ती बंद होने से असामाजिक तत्वों की सक्रियता बढ़ गई है। गुरूवार को नर्मदापुर साप्ताहिक बाजार से चोरों ने दो ग्रामीणों की बाइक पार कर दी। पीड़ित चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने थाना पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने कम स्टाफ होने का हवाला देकर पहले स्वयं चोरी की गई मोटरसाइकिल की खोजबीन करने के निर्देश दे बैरंग लौटा दिया। ग्राम नर्मदापुर निवासी रविनाथ ने बताया कि वह गुरूवारी को अपनी हीरो डिलक्स मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 15 जीएन 8156 को खड़ी कर खरीददारी कर रहा था। वापस लौटा तो उसकी मोटर साइकिल गायब थी। इसी तरह उरंगा निवासी समल बहादुर की हीरो स्पलेंडर बाइक को भी चोरों ने साप्ताहिक बाजार से पार कर दिया। साप्ताहिक बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में तलाश करने पर बाइक की जानकारी नहीं मिली तो पीड़ित थाने पहुंचे जहा पुलिस ने उन्हें बैरंग लौटा दिया।

## पेज 1 के शेष...

### टक्कर के बाद ट्रक में लगी...

इसके साथ ही दमकल की टीम द्वारा आग बुझाने का काम शुरू किया गया। इस बीच ग्रामीणों ने केबिन का शीशा तोड़कर फंसे हुए घायल चालक संतोष गुप्ता को बाहर निकाला और उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया। इस घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस व दमकल की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक अरबाज खान की जलकर मौत हो चुकी थी। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है लेकिन हादसे की मुख्य वजह तेज रफ्तार को बताया जा रहा है। दोनों ही ट्रक तेज रफ्तार में थे और अपने वाहनों को नियंत्रित नहीं कर पाए जिस कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। आग पर काबू पाने के बाद आवागमन को बहाल कराया गया।

---

### सांसद चिंतामणि महाराज ने 2 नए प्लेटफार्म सहित विकास कार्यों की रखी आधारशिला

# अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में सुविधाओं के विस्तार के लिए 10 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सांसद चिंतामणि महाराज ने अंबिकापुर रेलवे स्टेशन परिसर में 2 नए प्लेटफार्म, नयी लूप लाइन, फुटओवर ब्रिज निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं।

**खास बात**

- ट्रेन विस्तार के लिए सम्मलित प्रयास करने का आह्वान

यात्रियों की बढ़ती संख्या और उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड द्वारा स्टेशन में विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के पूर्ण होने से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा ट्रेनों के संचालन में भी सुगमता आएगी। उन्होंने कहा कि नए प्लेटफार्म के निर्माण और लूप लाइन के विस्तार से ट्रेनों के आवागमन की क्षमता बढ़ेगी। फुटओवर ब्रिज बनने से यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक सुरक्षित आवाजाही का बेहतर विकल्प मिलेगा। क्षेत्र के विकास के लिए रेल सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अंबिकापुर के विकास के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा और समय-समय पर शहर के विकास से संबंधित सुझाव भी देते रहना चाहिए। उन्होंने रेलवे के अधिकारियों को लापरवाही छोड़कर समयबद्धता और कर्मठता के साथ कार्य करने की नसीहत दी साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय सीमा में रेलवे के मानकों के अनुसार कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। जेडआरयूसीसी सदस्य मुकेश तिवारी ने कहा कि अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में वाशिंग पिट का कार्य पूर्णता की ओर है और इस वर्ष के अंत तक नए प्लेटफार्म का निर्माण भी पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद अम्बिकापुर से नई ट्रेनों का संचालन सुगमता से संभव हो सकेगा। अंबिकापुर से रायपुर के लिए सीधी इंटरसिटी ट्रेन शुरू करने के प्रस्ताव को रेलवे ने संज्ञान में लिया है। इस ट्रेन को प्रातः 4 बजे अम्बिकापुर से चलकर सुबह 11 बजे रायपुर पहुंचने तथा शाम 4 बजे रायपुर से चलकर 11 बजे अम्बिकापुर पहुंचने का प्रस्ताव भेजा गया है। स्टेशन में पार्किंग की समस्या को दूर करने तथा स्टेशन तक अलग पहुंच मार्ग की संभावनाओं की भी रेलवे द्वारा संभाव्यता परीक्षण की बात कही गई है। स्टेशन के दूसरे छोर से ऑटो की निकासी के लिए अलग मार्ग बनाए जाने से जाम की समस्या का समाधान हो सकेगा। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, विनोद हर्ष, सहायक मण्डल अभियंता अजय कुमार गुप्ता ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, नगर पंचायत सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, करता राम गुप्ता, कैलाश मिश्रा, अजय तिवारी, मंगल पाण्डेय, मनीष सिंह, पीयूष त्रिपाठी, विजय व्यापारी, मनोज गुप्ता, रेलवे बोर्ड के एएनआई श्री अजय कुमार, स्टेशन प्रबंधक सुधांशु रंजन, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



भूमिपूजन करते सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधि।

---



## जामुन का पेड़ काटते समय गिरने से मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

नगर पंचायत भटगांव के वार्ड क्रमांक 8 ईट भट्ठा पारा में जामुन पेड़ काटने के दौरान गिरने से 46 वर्षीय मजदूर बृजमोहन की मौत हो गई। मजदूर की मौत हो जाने पर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर परिजन व ग्रामीणों ने पंडित रविशंकर त्रिपाठी चौक के समीप चक्काजाम कर दिया। करीब दो घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन से आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। प्रशासन के आश्वासन के बाद ही चक्का जाम समाप्त किया।

- प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ विरोध प्रदर्शन

ग्राम मरहठा निवासी बृजमोहन (46 वर्ष) मजदूरी का काम करता था। जामुन पेड़ काटने के दौरान हादसे में उसकी मौत हो जाने पर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिजन और ग्रामीणों ने सरकार से तत्काल आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सुबह करीब 11 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण पंडित रविशंकर त्रिपाठी चौक के समीप सड़क जाम कर दी, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर सूचना मिलते ही भैयाथान एसडीएम और भटगांव तहसीलदार शिव नारायण राठिया तत्काल मौके पर पहुंचे और परिजन व ग्रामीणों से चर्चा कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि शासन के नियमों के अनुसार मृतक के परिवार को मिलने वाली मुआवजा राशि की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी और घटना की जांच कर पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाई जाएगी। आश्वासन के बाद परिजन व ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया।

---

## अकीदत के साथ अता की गई अलविदा जुमा की नमाज

**अम्बिकापुर।** मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान के अवसर पर अंतिम शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज अकीदत के साथ आता की गई। अलविदा जुमा की नमाज को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। शुक्रवार को शहर सहित संभाग की सभी मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी गई व समाज के लोगों ने अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। बता दें कि मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान का महीना चल रहा है। इस एक माह तक समाज बच्चे, बड़े व बुजुर्ग रोजा रखने के साथ ही इबादत में लीन है। रमजान के मौके पर मस्जिदों में तरावीह की नमाज पढ़ी गई जबकि जगह जगह दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। रमजान के मौके पर मस्जिदों में भी प्रतिदिन इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है। मुस्लिम समाज के इबादत का महीना अब समाप्त होने से पहले अंतिम शुक्रवार को आज अलविदा जुमा के रूप में मनाया गया। अलविदा जुमा के मौके पर समाज के लोग नए व साफ सुथरे कपड़े पहनकर मस्जिदों में पहुंचे थे जहां अलविदा जुमा की दो रकत नमाज अता की गई। इस दौरान शहर के जामा मस्जिद में मुफ्ती अबरार अहमद मिस्बाही ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। इसके साथ ही रसूलपुर नाजमिया मस्जिद में मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। इस दौरान मस्जिदों में नमाज पढ़ने वाले नमाजियों की भीड़ को देखते कमेटियों द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। गर्मी के मौसम में धूप से बचाव के लिए टेंट पंडाल की व्यवस्था की गई थी। नमाज उपरांत समाज के लोगों ने अपने व परिवार की खुशहाली, देश में अमन चैन की दुआ मांगी। जामा मस्जिद में नमाज पढने के दौरान कमेटी के इरफान सिद्दीकी, अफजाल अंसारी, अब्दुल लतीफ, मिन्हाजुल खान, पिक्कू खान, रिजवान सिद्दीकी, बाबू भाई, अमीर अंसारी, याकूब खान, नान बाबा, गुड्डन अंसारी, रियाज अंसारी, सिकंदर खान, इमरान सिद्दीकी सहित अन्य मौजूद थे।

- कसमाज के लोगों ने मांगी खुशहाली, अमन चैन की दुआ



---

## कांग्रेस की जांच टीम पहुंची राजाकटेल गांव, पंडो समाज की भूमि पर कब्जे का मामला

**अंबिकापुर।** लखनपुर क्षेत्र के ग्राम राजाकटेल गांव में संरक्षित पण्डो जनजाति के कृषि भूमि के कब्जे को लेकर शुक्रवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक द्वारा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह के नेतृत्व में गठित 8 सदस्यीय दल ने ग्राम का दौरा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली है। राजाकटेल में विशेष संरक्षित पण्डो जनजाति की कृषी भूमि पर बाहरी लोगों के द्वारा कब्जा कर उन्हें बेदखल किये जाने की जानकारी सामने आ रही थी। जनजाति के लोगों की मांग पर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के निर्देश पर जिला कांग्रेस के द्वारा गठित दल ने गांव का दौरा कर वस्तुस्थिति को जाना है। गांव का दौरा करने के बाद जांच हेतु गठित दल में शामिल कांग्रेस महामंत्री एवं अधिवक्ता हेमंत तिवारी ने यह जानकारी दी कि 80 के दशक में इस गांव के पंडो जनजाति को सिंहदेव योजना के अन्तर्गत भू-अधिकार तो दिए गए लेकिन इससे संबंधित दस्तावेज आजतक नहीं दिये गये। आज तक गांव में भूमि का न तो सीमांकन हुआ है न ही कब्जे से संबंधित नक्शों को काटा गया है, न ही इस जनजाति के भू-स्वामियों को भू-अधिकार से संबंधित दस्तावेज ही उपलब्ध कराए गए हैं। इससे भूमि के मालिकाना हक की पहचान स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच में यह बात सामने आयी है कि पण्डो जनजाति के जमीनो के साथ ही गांव की अन्य शासकीय जमीन पर भी कब्जा हुआ है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर उन्होंने बताया कि विवाद उभरने के बाद प्रशासन के द्वारा गठित जांचदल ने भी मौके पर कोई पुख्ता कार्रवाई नहीं की है, न तो नापजोख किया है न ही सीमांकन किया है इससे कांग्रेस के गठित दल की अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह ने इस जनजाति के प्रभावितों से हुई चर्चा के हवाले से यह जानकारी दी कि भाजपा पण्डो जनजाति के जमीन के कब्जे को सांप्रदायिक रंग देकर अपनी राजनीति तो कर रही है लेकिन शासन सत्ता के बावजूद संरक्षित पण्डो जनजाति को राहत दिलाने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर रही है। इसी बात से निराश होकर इस जनजातीय समुदाय ने न्याय की आश में हमसे संपर्क किया है। बहरहाल इस मामले में जांच दल 2 दिनो के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट जिला कांग्रेस अध्यक्ष को सौंप देगा। इस कार्यवाही के दौरान जांच दल के सदस्य के रूप में लखनपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित सिंहदेव, उदयपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका पैकरा, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती संध्या रवानी एवं जगरोपन यादव भी मौजूद थे।

- कहा- भाजपा न्याय दिलाने के बदले कर रही सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास



### गांव में कैंप लगाकर करें समस्या का निवारण : बालकृष्ण

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा है कि अति संरक्षित पण्डो जनजाति के जमीन सहित शासकीय जमीन पर कब्जे का मामला बेहद गंभीर है। दोषियों की पहचान कर उन्हें बेदखल कर पण्डो जनजाति के प्रभावितों को उनके जमीन का हक दिलाने की आवश्यकता है लेकिन सत्ता में मौजूद भाजपा कार्रवाई करने के बजाय सांप्रदायिक राजनीति में व्यस्त है। भाजपा पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव जो कि पण्डो समाज के भू-अधिकार के हित में कार्य कर रहे हैं के बयानो को तोड-मरोडकर और उनका पुतला दहन कर इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक रोटी सेंक रही है। उसे पण्डो समाज के हित से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर सरगुजा से मिलकर यह मांग करेगा कि प्रशासन समय सीमा निर्धारित कर ग्राम राजाकटेल में कैंप लगाकर भूमि की नाप जोख और सीमांकन कर प्रभावित पण्डो जनजाति के परिवारों को उनकी भूमि का कब्जा वापस दिलाये।

---

## देवगढ़ को मिली उप तहसील की सौगात मंत्री ने की घोषणा

**अम्बिकापुर।** उदयपुर विकासखंड के देवगढ़ को उप तहसील का दर्जा प्रदान कर दिया गया है। शुक्रवार को विधानसभा में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने देवगढ़ में उप तहसील स्थापित किए जाने की घोषणा की। इस दौरान पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि लंबे समय से उदयपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों द्वारा देवगढ़ में उप तहसील की स्थापना की मांग उठाई जा रही थी। अब इस मांग के पूरा होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को राजस्व और प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर-दराज के कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पडेगा। देवगढ़ में उप तहसील बनने से क्षेत्र के ग्रामीणों को नामांतरण, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, भू-अभिलेख संबंधी कार्यों सहित अन्य राजस्व सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी। इससे न केवल आम लोगों का समय और खर्च बचेगा, बल्कि प्रशासनिक कामकाज भी अधिक सुगम और प्रभावी ढंग से संचालित हो सकेगा।

---

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 15 मार्च को मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी (न्यूरो सर्जन) रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित जैन, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरीशंकर सिंह, किडनी रोड विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार एवी, पेन फिजिशियन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.शोभिक चंद्रा, पैन मेडिसिन एवं गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बबलेश महावर, रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.अंबर गर्ग, मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.सुशांत संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



### स्पाइन व दर्द रोग विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज 14 को सिटी हॉस्पिटल में

**अम्बिकापुर।** भोपाल के प्रसिद्ध पेन फिजिशियन एवं स्पाइन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज 14 व 15 मार्च को सिटी हॉस्पिटल में मरीजों का उपचार करेंगे। डॉ.मिंज भोपाल के स्पाइन एंड पेन मैनेजमेंट सेंटर के निदेशक हैं तथा एमबीबीएस, एमडी के साथ फेलोशिप इन पेन मैनेजमेंट से प्रशिक्षित विशेषज्ञ हैं। वे हर माह के दूसरे शनिवार और रविवार को अपनी सेवाएं देते हैं। इस दौरान कमर दर्द, साइटिका, गर्दन दर्द, कैंसर से होने वाला दर्द, नसों का दर्द, चेहरे पर करंट जैसा दर्द, दांतों का दर्द, घुटनों व जोड़ों के दर्द सहित पुराने व जटिल दर्द से संबंधित रोगों का आधुनिक तकनीकों से उपचार किया जाएगा। अस्पताल में बिना बड़ी सर्जरी के आधुनिक तकनीक से इंजेक्शन थेरेपी, लेजर रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन, स्टेम सेल व पीआरपी थेरेपी तथा ओजोन थेरेपी के माध्यम से इलाज की सुविधा उपलब्ध रहेगी।



---

## अमेरा खदान के रोड सेल का कोयला लोड गाड़ियों को रोककर ग्रामीणों ने किया -प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के अमेरा खुली खदान परियोजना से रोड सेल की गाड़ियों को सिंगीटाना और पीपरखार के ग्रामीणों द्वारा विवाद कर घंटों खड़ी करा देने की लगातार शिकायतों के बाद खदान प्रबंधन ने आज शुक्रवार को लखनपुर थाना प्रभारी को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

खान प्रबंधक अमेरा ने थाना प्रभारी को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम सिंगीटाना और पीपरखार के ग्रामीणों द्वारा खदान से कोयला लोड कर निकलने वाली रोड सेल की वाहनों को अकारण रोका जा रहा है जिससे खदान से कोयला परिवहन बाधित होता है एवं कोयला उठाव में विलम्ब की स्थिति निर्मित हो रही है।बता दें कि प्रबंधन द्वारा अमेरा खदान से सिंगीटाना तक कुल साढ़े छह किलोमीटर की मजबूत कांक्रीट सड़क का निर्माण कराया जा रहा है जिसकी लागत करीब नौ करोड़ से अधिक की बताई गई है।पूर्व में कच्ची सड़क होने सड़क की चौड़ाई कम होने सड़क के जर्जर होने ग्रामीणों के साथ कोयला परिवहन में असुविधा होती थी अब सड़क की चौड़ाई साढ़े पांच मीटर कर इसका पक्का निर्माण कार्य कराया जा रहा है,ठेका कंपनी भवानी इंफ्राटेक द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण का कार्य लगभग तीस प्रतिशत पूरा कर लिया गया है।प्रबंधन के अनुसार सड़क निर्माण कार्य में भी कुछ ग्रामीणों द्वारा विवाद कर सड़क निर्माण कार्य को रुकवा दिया जा रहा है जबकि उक्त पक्की सड़क निर्माण से खदान क्षेत्र के आसपास के दर्जनों गांव के लोग इससे सीधे लाभान्वित होंगे।शुक्रवार को भी स्थानीय कुछ ग्रामीणों द्वारा रोड सेल की ट्रकों को रोक देने के बाद प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अमले ने चर्चा कर सड़क को खुलवाया तब जाकर कोयला परिवहन शुरू हुआ।ग्रामीणों की मानें तो कोयला परिवहन से उड़ने वाली धूल और कोयला लोड भारी वाहनों के आवाजाही के कारण उन्हें आंदोलन के लिए विवश होना पड़ता है।ग्रामीणों ने स्थानीय निवासियों को समुचित पेयजल व्यवस्था सहित सड़क पर निरंतर पानी छिड़काव सहित अन्य मांगो को लेकर पिछले दिनो प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा था जिस पर प्रबंधन ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया था।शुक्रवार को ग्राम सरपंच विफल लकड़ा एवं नवल लकड़ा की अगुवाई में स्थानीय ग्रामीणों ने घंटों प्रदर्शन कर कोयला परिवहन का कार्य रोक दिया।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411